बैजू बावरा में रणवीर के साथ रोमांस करेंगी प्रियंका!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलीवुड की देशी गर्ल प्रियंका चोपड़ा फिल्म बैजू बावरा में रणवीर सिंह के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली फिल्म बैजू बावरा बनाने जा रहे हैं। फिल्म की कहानी एक कलाकार के बदले पर आधारित होगी। फिल्म बैजू बावरा दिवाली 2021 को रिलीज होगी। हालांकि अभी तक फिल्म की कास्ट को लेकर कोई घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इसमें रणवीर को पक्का माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म में रणवीर लीड रोल में नजर आएंगे।इससे पहले रणवीर और संजय लीला भंसाली की जोड़ी- गोलियों की रासलीला रामलीला, बाजीराव मस्तानी, पद्मावत में भी साथ काम कर चुकी है। चर्चा है कि बैजू बावरा में रणवीर के साथ लीड रोल में प्रियंका नजर आ सकती हैं। इससे पहले, रणवीर और प्रियंका फिल्म गुंडे, दिल धड़कने दो और बाजीराव मस्तानी में एक साथ नजर आ चुके हैं। प्रियंका ने रणवीर सिंह ने फिल्म गोलियों की रासलीला रामलीला में आइटम नंबर भी किया था।

अपनी इस एक आदत से छुटकारा पाना चाहती हैं नेहा

अभिनेत्री नेहा धूपिया अपने सेलेब्रिटी चैट शो नो फिल्टर नेहा के चौथे सीजन के साथ वापस आ रही हैं और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं। शो के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात जो इस शो को इस तरह के दूसरे शोज से अलग बनाती है वह यह है कि जहां तक पॉडकास्ट की बात है तो हम इस गेम में थोड़ा आगे है। यह ऑडियो है, यह और अधिक अंतरंग है और मेरा मानना है कि जिस मात्रा में हम अपने मेहमानों पर रिसर्च करते हैं, उसे लेकर मुझे सबसे ज्यादा गर्व है। नए सीजन के पहले एपिसोड का प्रसारण पिछले मंगलवार को हुआ था। इसमें शाहिद कपूर सेलेब्रिटी गेस्ट के तौर पर थे। इस सीजन के अन्य मेहमानों के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा, कई मजेदार मेहमान हैं। हमने सीजन फोर की शुरुआत शाहिद के साथ की और अब राजकुमार (राव) आएंगे और उनके बाद मलाइका (अरोड़ा) आएंगी। इनके अलावा दलकीर सलमान, तापसी पन्नू, रफ्तार, सिद्धांत चतुर्वेदी सहित कई अन्य भी हैं। क्या उनमें कोई ऐसी पुरानी आदत हैं जिनसे वह छुटकारा पाना चाहती हैं? इसके जवाब में नेहा ने कहा, अगर मुझे मेरे किसी एक आदत को फिल्टर करना पड़ा, मैं उन चीजों को लेकर भी चिंतित हो जाती हूं जो हुई भी नहीं हैं और मैं उनके बारे में ही सोचती रहती हूं। उम्मीद करती हूं कि मैं ऐसा करना बंद कर दूं। यह मेरे लिए अच्छा होगा। नो फिल्टर नेहा का प्रसारण हर मंगलवार को जियो सावन पर होता है।

इन फिल्मों में की गई अपनी ऐक्टिंग को बिल्कुल भी पसंद नहीं करतीं सान्या मल्होत्रा

ऐक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा को भले ही बधाई हो,दंगल और फोटोग्राफ जैसी फिल्मों में उनकी ऐक्टिंग के लिए सराहा गया हो। लेकिन वह इन फिल्मों में अपनी परफॉर्मेंस को बिल्कुल भी अच्छा नहीं मानतीं।

सान्या ने बताया कि उन्हें दंगल, बधाई हो और फोटोग्राफ में अपनी ऐक्टिंग पसंद नहीं आई। उन्होंने आगे कहा कि वह खुद को लेकर बेहद कठोर हैं और अपनी परफॉर्मेंस की आलोचना करती रहती हैं। सान्या नितेश तिवारी और विशाल भारद्वाज जैसे फिल्ममेकर्स के साथ काम कर चुकी हैं और उनकी ख्वाहिश है कि उन्हें हर फिल्ममेकर के साथ काम करने का मौका मिले। अब जल्द ही वह शकुंतला देवी की बायोपिक में नजर आएंगी।

इस फिल्म में विद्या बालन लीड रोल में हैं, जबकि सान्या उनकी बेटी के रोल में दिखेंगी। इस फिल्म को अनुज मेनन डायरेक्ट कर रहे हैं और यह 2020 में रिलीज होगी।